aglasem.com

FOR MP CPCT EXAM PREPARATION

MP CPCT 2017 Question Paper · Hindi Typing

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT	DATE
MP CPCT	2017	Question Paper	Hindi Typing	19 Mar 2017

SHIFT
Shift 2

Computer Proficiency Certification Test

Notations :

1.Options shown in green color and with ✔ icon are correct.

2.Options shown in red color and with ✖ icon are incorrect.

Question Paper Name:	Inscript 19th March 2017 Shift 2
Subject Name:	Inscript
Creation Date:	2017-03-19 17:07:14
Duration:	25
Calculator:	None
Magnifying Glass Required?:	No
Ruler Required?:	No
Eraser Required?:	No
Scratch Pad Required?:	No
Rough Sketch/Notepad Required?:	No
Protractor Required?:	No

Mock

Group Number :	1
Group Id :	58322437
Group Maximum Duration :	10
Group Minimum Duration :	10
Revisit allowed for view? :	No
Revisit allowed for edit? :	No
Break time:	1
Mandatory Break time:	Yes
Group Marks:	0

Hindi Typing Test

Section Id :	58322465
Section Number :	1
Section type :	Typing Test
Mandatory or Optional:	Mandatory
Number of Questions:	1
Number of Questions to be attempted:	1
Section Marks:	0
Display Number Panel:	Yes
Group All Questions:	No

Sub-Section Number:	1
Sub-Section Id:	58322465
Question Shuffling Allowed :	No

Question Number : 1 Question Id : 583224569 Question Type : TYPING TEST Display Question Number : Yes

बहुत समय पहले की बात है हिमालय के जंगलो में एक बहुत ताकतवर शेर रहता था एक दिन उसने बारासिंघे का शिकार किया और खाने के बाद अपनी गुफा को लौटने लगा अभी उसने चलना शुरू ही किया था कि एक सियार उसके सामने दंडवत करता हुआ उसके गुणगान करने लगा।

Restricted/ Unrestricted: Unrestricted
Paragraph Display: Yes
Evaluation Mode: Non Standard
Keyboard Layout: Inscript

Actual

Group Number :	2
Group Id :	58322438
Group Maximum Duration :	15
Group Minimum Duration :	15
Revisit allowed for view? :	No
Revisit allowed for edit? :	No
Break time:	0
Mandatory Break time:	No
Group Marks:	0

Hindi Typing Test

Section Id :	58322466
Section Number :	1
Section type :	Typing Test
Mandatory or Optional:	Mandatory
Number of Questions:	1
Number of Questions to be attempted:	1
Section Marks:	0
Display Number Panel:	Yes
Group All Questions:	No

Sub-Section Number:	1
Sub-Section Id:	58322466
Question Shuffling Allowed :	No

Question Number : 2 Question Id : 583224570 Question Type : TYPING TEST Display Question Number : Yes

धरती पर मानव जाति का वजूद आदमी और औरत दोनों की समान भागीदारी के बिना असंभव है। किसी भी देश के विकास के लिये नर और नारी दोनों ही समान रूप से जिम्मेदार है। हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि महिलाएं पुरूषों से अधिक महत्व रखती हैं। औरतों के बिना हम मानव जाति की निरंतरता के बारे में सोच भी नहीं सकते क्योंकि वो मानव को जन्म देती हैं। इसलिए कन्या शिशु को नहीं मारा जाना चाहिये। उन्हें आगे बढाने के लिये सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्रदान किये जाने चाहिये। हालांकि, महिलाएं हत्या, बलात्कार, यौन शोषण, दहेज के लिये हत्या आदि से अपनी ही बनायी गयी सभ्यता में पीडित है। ये कितना शर्मनाक है। बहुत से समझदार लोगों के अनुसार एक शिशु कन्या को अनेक कारणों के लिए बचाया जाना चाहिये, जैसे कोई भी लडकी किसी भी क्षेत्र में लडकों की तुलना में कम सक्षम नहीं है और अपना सर्वश्रेष्ठ देती है। 1961 से कन्या की गर्भ में ही हत्या करवा देना एक गैर कानूनी अपराध है। यह ही नहीं, लिंग परीक्षण चुनाव के बाद गर्भपात को रोकने के लिये प्रतिबंधित कर दिया गया है। किसी लडके से तुलना करें तो यह अवश्य कहा जा सकता है कि एक लडकी अधिक आज्ञाकारी, कम हिंसक और अभिमानी होती है। वह अपने परिवार, नौकरी, समाज या देश के लिए ज्यादा जिम्मेदार साबित हो चुकी है। इसके अतिरिक्त माता पिता और उनके कार्यो की अधिक परवाह लडकियों को ही ज्यादा होती है। यही कारण है कि सरकार ने लडकियों को बचाने और शिक्षित करने के लिये बहुत से कदम उठाये गये है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ सरकार की ही एक पहल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने महिला स्कूलों में शौचालय के निर्माण से अभियान में मदद की है। बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध भारत के विकास में एक बडी बाधा है। गर्भ में ही कन्या की हत्या करना बेहद संगीन जुर्म में से एक है और सरकार ने अस्पतालों में लिंग निर्धारण, स्कैन परीक्षण आदि के लिए अल्ट्रासाउंड पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह कदम इसलिए लिया हैं ताकि वह लोगों को बता सके लडकी को जन्म देना किसी भी समाज में अपराध नहीं है। भारत में लडकी लक्ष्मी का रूप मानी जाती है और यह भगवान का दिया हुआ एक खूबसूरत तोहफा है। इसलिए एक बेटी से कभी भी नफरत नहीं करनी चाहिए। समाज और देश की भलाई इसी में है कि हम सब मिलकर लडकियों को सम्मानित करें और बहुत सारा प्यार दें।

Restricted/ Unrestricted: Unrestricted
Paragraph Display: Yes
Evaluation Mode: Non Standard
Keyboard Layout: Inscript